CCI NG 3.7 Product: LucknowMasalamixBS PubDate: 01-03-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: LTMMP4 User: c-amul.rastogi@timesofindia.co Time: 02-28-2026 17:15 Color:



# रंगोत्सव

READER ENGAGEMENT INITIATIVE



# स्वादिष्ट पकवान बनाते हैं होली के त्योहार को खास

**होली का उत्सव केवल रंगों और उमंग का ही नहीं, बल्कि स्वाद और परंपराओं का भी उत्सव है। पारंपरिक मिठाइयों, नमकीन व्यंजनों और ठंडे पेयों से सजी थाली इस पर्व को और भी जीवंत बना देती है। विरासत, लज़्ज़त और अपनत्व का संगम ही होली के पाक-परंपरा को खास बनाता है।**

Neha Arora6
@timesofindia.com

होली के पकवान गुजिया के बिना अधूरे माने जाते हैं। मिठाई की दुकान के मालिक आलोक पांडेय कहते हैं, "पारंपरिक रूप से मैदे की कुरकुरी परत और खोए के भरावन से तैयार की जाने वाली गुजिया को हाथ से आकार देकर सुनहरा होने तक तला जाता है। मावा या खोया गुजिया आज भी सबसे पसंदीदा है। इसमें धीमी आंच पर भुना खोया, सूखा नारियल, कटे हुए मेवे और हरी इलायची मिलाई जाती है, जो मुंह में घुल जाने वाला स्वाद देती है। कई दुकानों में इसमें चिरौंजी और बारीक चीनी मिलाकर इसका स्वाद और समृद्ध किया जाता है।"

ड्राई फ्रूट गुजिया इसका एक समृद्ध रूप है, जिसमें बादाम, पिस्ता, काजू और किशमिश भरपूर मात्रा में डाले जाते हैं। मिठाई विक्रेता राघव पुरी कहते हैं, "कम मीठी लेकिन मेवों से भरपूर यह गुजिया उन लोगों के लिए खास है, जो हल्की मिठास पसंद करते हैं। कई क्षेत्रों में नारियल



गुजिया भी लोकप्रिय है, जिसमें खोया की जगह अधिकतर नम नारियल का उपयोग किया जाता है, जिससे इसमें हल्की चबाने वाली बनावट और सुगंध आती है। आधुनिक स्वाद को ध्यान में रखते हुए चॉकलेट गुजिया भी बनाई जा रही है, जिसमें कोको पाउडर या पिघली चॉकलेट मिलाई जाती है, जो खासकर युवाओं को आकर्षित करती है।"

स्वास्थ्य के प्रति जागरूक लोगों के लिए भी विकल्प मौजूद हैं। कन्फेक्शनरी शॉप के मालिक मोहन दीप बताते हैं, "बेक्ड गुजिया हल्की बनावट के साथ वही पारंपरिक स्वाद देती है। वहीं, गेहूं के आटे से बनी गुजिया मैदे की जगह आटा इस्तेमाल करती है, जिससे इसका स्वाद थोड़ा नटी और बनावट थोड़ी सख्त हो जाती है, लेकिन त्योहार की मिठास बरकरार रहती है।"

## हर बाइट में चाशनी की मिठास

गुजिया के साथ मालपुआ भी होली के पकवानों का अहम हिस्सा है। आटे, दूध और कभी-कभी केले या खोया से बने घोल से तैयार ये नरम पैनकेक किनारों से हल्के कुरकुरे तले जाते हैं और फिर केसर-इलायची वाली चाशनी में डुबोए जाते हैं। गरमागरम मालपुआ पर रबड़ी की परत डालकर परोसा जाए तो इसका स्वाद और भी बढ़ जाता है।

क्लास नाइन के स्टूडेंट आदि सिंह हंसते हुए कहते हैं, "मैं होली का इंतजार रंगों से ज्यादा मालपुओं के लिए करता हूं।" दही बड़े भी होली के पसंदीदा व्यंजनों में शामिल हैं। ठंडे दही में डूबे दाल के मुलायम बड़े, ऊपर से इमली और पुदीने की चटनी, भुना जीरा और लाल मिर्च पाउडर— यह संयोजन रंग खेलने के बाद शरीर को ठंडक और राहत देता है।

## खट्टेपन का अनोखा स्वाद

उत्तर भारत में होली के अवसर पर कांजी और



कांजी बड़ा विशेष महत्व रखते हैं। एक होम मेकर कविता सेठ कहती हैं, "मैं हर साल होली पर घर में कांजी और कांजी बड़ा बनाती हूं। काले गाजर, राई और पानी से तैयार यह पेय कई दिनों तक धूप में रखा जाता है, जिससे इसमें खास खट्टापन आता है। कांजी बड़ा में दाल के बड़े इस मसालेदार खट्टे पानी को सोख लेते हैं, जिससे इसका स्वाद और भी लाजवाब हो जाता है। इसकी प्रोबायोटिक प्रकृति इसे ताजगी देने वाला और पाचन के लिए लाभकारी बनाती है।"

## त्योहार का खास पेय


होली के व्यंजनों की चर्चा ठंडाई के बिना अधूरी है। दूध से तैयार इस पारंपरिक पेय में बादाम, सौंफ, खसखस, काली मिर्च, इलायची और केसर मिलाई जाती है। इन सभी को पीसकर पेस्ट बनाया जाता है और फिर दूध व चीनी के साथ मिलाया




जाता है। यह सुगंधित और ठंडक देने वाला पेय शुरू आती गर्मी में शरीर को संतुलित रखने के लिए आदर्श है। कुलिनरी कंसल्टेंट राधिका मेहरा कहती हैं, "ठंडाई के बिना होली अधूरी लगती है। इसकी हल्की मिठास, मसालों की सुगंध और ठंडक भरा स्वाद इस पर्व की आत्मा को समेटे हुए है। चाहे मैं कितनी भी व्यस्त क्यों न रहूं, इस खास परंपरा को निभाना नहीं भूलती।"

होली का उत्सव रंगों से जितना जीवंत होता है, उतना ही इन पारंपरिक स्वादों से भी। हर व्यंजन में एक कहानी, एक परंपरा और अपनों के साथ साझा की गई खुशियों का एहसास छिपा होता है। सच तो यह है कि होली के रंग भले ही कुछ दिनों में उतर जाएं, लेकिन इन स्वादों की यादें लंबे समय तक दिल और जायके में बनी रहती हैं।



**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in